Ref. No.: NUJ/REG/2026-27/442 **Date: 30/10/2026**

आवश्यक–सूचना

विषयः– शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु छात्रवृत्ति आवेदन प्रस्तुत करने के लिए अंतिम अवसर प्रदान किए जाने के संबंध में।

माननीय उच्च न्यायालय द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुपालन में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राजस्थान सरकार (SJE) द्वारा निर्वाण विश्वविद्यालय, जयपुर के पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति आवेदन प्रस्तुत करने हेतु अंतिम अवसर प्रदान करते हुए छात्रवृत्ति पोर्टल पुनः प्रारंभ किया गया है। इस संबंध में विभाग द्वारा जारी पत्र क्रमांक F.9(4) () Scholarship/Courtcase/Gen/2022-23/SJED/-00885-2443-Partfile2-7569428 के क्रम में समस्त संबंधित विद्यार्थियों को निम्नानुसार निर्देशित किया जाता हैः

- शैक्षणिक सत्र 2025-26 के समस्त पात्र विद्यार्थी छात्रवृत्ति आवेदन से संबंधित संपूर्ण जानकारी अपने–अपने विभागाध्यक्ष (HOD) से प्राप्त करना सुनिश्चित करें।
- विद्यार्थी निर्धारित छात्रवृत्ति पोर्टल पर अपना आवेदन पत्र पूर्ण रूप से भरकर ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया दिनांक 10 नवम्बर 2026 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करें।
- ऑनलाइन आवेदन पूर्ण करने के पश्चात आवेदन पत्र की मुद्रित प्रति (Hard Copy) दिनांक 11 नवम्बर 2026 को अपने संबंधित विभागाध्यक्ष से सत्यापित करवाकर नोडल अधिकारी डॉ. दीपक शर्मा के पास जमा करवाना अनिवार्य होगा।
- छात्रवृत्ति आवेदन जमा करवाने हेतु निर्धारित अंतिम तिथियों का पालन करना प्रत्येक विद्यार्थी एवं विभागाध्यक्ष का उत्तरदायित्व होगा। निर्धारित समयावधि में ऑनलाइन आवेदन पूर्ण करने तथा सत्यापित आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी नोडल अधिकारी को जमा करवाने की समस्त जिम्मेदारी विभागाध्यक्ष की होगी।
- दिनांक 11 नवम्बर 2026 के पश्चात किसी भी परिस्थिति में कोई भी छात्रवृत्ति आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसके पश्चात प्राप्त होने वाले किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

अतः सभी पात्र विद्यार्थी इस सूचना को अंतिम अवसर मानते हुए निर्धारित समय–सीमा में आवेदन की समस्त प्रक्रिया पूर्ण करना सुनिश्चित करें। निर्धारित समयावधि के उपरांत आवेदन प्रस्तुत न करने की स्थिति में इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित विद्यार्थी की स्वयं की होगी।

छात्रवृत्ति आवेदन प्रक्रिया से संबंधित जानकारी एवं आवश्यक मार्गदर्शन हेतु विद्यार्थी अपने संबंधित संकाय/महाविद्यालय के निम्नलिखित विभागाध्यक्ष से संपर्क कर सकते हैं:–

क्र. सं.	संकाय/महाविद्यालय का नाम	संपर्क व्यक्ति का नाम
1.	Rajasthan Dental College & Hospital	Prof. H.L. Gupta
2.	S.N. Institute of Nursing Sciences	Prof. Renu Nagar
3.	S.N. School of Pharmacy	Prof. Rajesh Kumar
4.	S.N. School of Pharmacy	Dr. Prashant Benjwal
5.	S.N. School of Pharmacy, Sriganganagar	Mr. Vijay Kumar Bishnoi
6.	Rajasthan College of Pharmacy	Mr. Saurabh Verma
7.	S.N. College of Law	Dr. Rakesh Daiya
8.	School of Physical Education & Sports	Dr. Rajesh Kumar Kaswan
9.	School of Commerce and Management	Dr. Rashika Khelari
10.	School of Library and Information Sciences	Dr. Reena Anand
11.	School of Engineering & Technology	Dr. Alok Kumar Singh
12.	School of Agricultural Sciences	Dr. Deepak Sharma
13.	School of Ayurveda Naturopathy and Yogic Sciences	Dr. Sanjay Kumar
14.	School of Basic and Applied Sciences	Dr. Rajendra Kumar
15.	School of Arts, Humanities and Social Sciences	Dr. Vijay Laxmi Choudhary
16.	School of Allied Health Sciences	Mr. Ajay Kumar
17.	School of Computer and Application	Mr. Durgashankar Saini

- नोडल अधिकारी:– डॉ. दीपक शर्मा, विभागाध्यक्ष, कृषि विभाग
- समन्वयक:– जिनेन्द्र भंडारी, सहायक कुलसचिव
- कार्यालय:– कुलसचिव सचिवालय, मुख्य परिसर भवन।

समस्त अधिष्ठाताओं, प्राचार्यों एवं विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने–अपने संकाय/विभागों के पात्र विद्यार्थियों तक उक्त सूचना पहुँचाना तथा आवेदन प्रक्रिया निर्धारित समय–सीमा में पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें।

आदेशानुसार

10/26

कुलसचिव

निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर